उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित **श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद्** द्वारा पूछे गए **तारांकित प्रश्न संख्या-20** का उत्तरालेख:-

| **प्रश्न** | **उत्तरालेख** |
|---|---|
| **20-**(क)-क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि बाढ़ से प्रभावित कौन-कौन से आकांक्षी जनपद है ? | आकांक्षी जनपदों में बहराइच, बलरामपुर, चन्दौली, चित्रकूट, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र तथा जनपद महराजगंज के (6 आकांक्षी ब्लाक) क्षेत्र में हैं। |
| (ख)- उक्त आकांक्षी जनपदों में महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, को बाढ़ से मुक्त कराने की कोई नीति बनी है ? | जी हाँ |
| (ग)- यदि हॉ, तो क्या ? | नदियों की बाढ़ विभीषिका से सुरक्षा हेतु तटबंधों का निर्माण किया गया है। तटबंधों के रख-रखाव एवं नदी के कटान को रोकने हेतु आवश्यकतानुसार कटाव निरोधक कार्यों की विभिन्न परियोजनायें तैयार कर एवं उनके सापेक्ष कार्य कराते हुये तटबंधों को आगामी बाढ़ के प्रति सुरक्षित किया जाता है। |
| (घ)- यदि नही, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता । |
| (ड़)- क्या उक्त आकांक्षी जनपदों को बाढ़ मुक्त बनाने हेतु कोई नीति निर्धारित करेगें ? | प्रतिवर्ष वर्षाकाल के उपरान्त संवेदनशील स्थलों पर उ0प्र0 राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद् की स्थायी संचालन समिति द्वारा परियोजनायें स्वीकृत की जाती है। परियोजनाओं के क्रियान्वयन उपरान्त बाढ़ की विभीषिका से जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। |
| (च)- यदि हॉ, तो कब ? | उपरोक्तानुसार। |

**स्वतंत्र देव सिंह**
**मंत्री,**
**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण विभाग।**